**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**20.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे**

**एआईपीओसी**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों के सदनों की मर्यादा और प्रतिष्ठा बनाए रखने पर जोर दिया है। बिहार के पटना में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन– एआईपीओसी के उद्घाटन सत्र को संबोधित लोकसभा अध्यक्ष ने जन प्रतिनिधियों से संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की अपील की। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पीठासीन अधिकारी के रूप में विधायी प्रक्रिया के माध्यम से लोगों की सेवा करना हमारी बड़ी जिम्मेदारी है।

सम्मेलन के दौरान देश भर के विभिन्न विधायी निकायों, लोकसभा और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी, संविधान की 75वीं वर्षगांठ संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में संसद और राज्य विधान निकायों का योगदान विषय पर चर्चा करेंगे। इस बीच प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यदि लोकतंत्र और संसदीय प्रणाली मजबूत होगी तभी देश भी मजबूत होगा। पठानिया ने कहा कि हम सभी को दलगत राजनीति से उपर उठकर इस मंच के माध्यम से संसदीय प्रणाली, विधानमण्डल और विधान परिषद को मजबूत बनाना होगा।

**विंटर कार्निवाल–मनाली**

राष्ट्र स्तरीय मनाली विंटर कार्निवाल–2025 की आज मनाली में धूमधाम से शुरुआत हुई। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने हिडिंबा माता मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद झांकियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौसम खराब होने के चलते मुख्यमंत्री इस अवसर पर उपस्थित नहीं हो पाए। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आए सांस्कृतिक दलों ने अपने–अपने राज्यों की समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन किया। करीब 2 सौ महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों ने विभिन्न झांकियों के माध्यम से देश की विविध संस्कृति को प्रदर्शित किया। मनाली माल रोड पर विभिन्न राज्यों से आए सांस्कृतिक दलों ने अपने अपने राज्यों की संस्कृति का बखूबी प्रदर्शन किया। इस आयोजन के दौरान सरकार की कई योजनाओं पर भी झांकियां निकाली गईं। विंटर कार्निवाल में निकाली गई झांकियों में देश की विविध संस्कृति को देखने के लिए लोगों का भारी जनसमूह उमड़ा। स्थानीय लोगों के अलावा घरेलू और विदेशी पर्यटकों ने भी इन खूबसूरत झांकियों को अपने कैमरे में कैद किया।

**भाजपा**

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा है कि व्यवस्था परिवर्तन का वादा करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने वास्तव में प्रदेश में व्यवस्था का पूरी तरह पतन कर दिया है। राकेश जम्वाल ने आज मण्डी में एक बयान में आरोप लगाया कि प्रदेश के अस्पताल बदहाल स्थिति में पहुंच गए हैं और मरीज ईलाज के लिए दर–दर भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल झूठे वायदे और आंकड़े पेश करने में लगी है और सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित रह गई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने अपनी विफलताओं को सुधारने के लिए तुरंत कदम नहीं उठाए तो राज्य की जनता जल्द ही इसका जवाब देगी।

**केवाईसी**

चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज और रेई पंचायत के उपप्रधान ठाणू लाल शर्मा ने प्रदेश सरकार से घाटी में जमीन की केवाईसी करवाने के लिए निर्धारित समय सीमा को बढ़ाने की मांग की है। इन पंचायत प्रतिनिधियों ने आकाशवाणी को बताया कि इस कार्य के लिए सरकार ने 21 जनवरी की समय सीमा तय की है लेकिन घाटी में भारी बर्फबारी के चलते लोगों को किलाड़ तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है और वे निर्धारित समय तक केवाईसी नहीं करवा पाएंगे।

**मौसम**

प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों की ऊंची चोटियों पर कल हुई हल्की बर्फबारी से राज्य में शीतलहर तेज हो गई है। प्रदेश का कुकुमसेरी आज सबसे ठंडा रहा जहां न्यूनतम तापमान माईनस 5 दशमलव 9 डिग्री दर्ज किया गया। राज्य में आज पांच स्थानों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे रहा। मौसम विभाग के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने कहा कि आज से 23 जनवरी तक राज्य में कुछ स्थानों पर बर्फबारी और वर्षा की संभावना है। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को राज्य के पांच जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और मण्डी में कुछ स्थानों पर शीत लहर चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

............